बीकानेर। राज्य में एमएसएमई इकाईयों की कार्य क्षमता उत्पाद गुणवत्ता एवं बाजारोन्मुखी परिवेश में अधिक प्रतिस्पर्धा बनाने हेतु एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार के एमएसएमइ सीडीपी कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रस्तावित सीईटीपी बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र के कॉन्सेप्ट नोट का प्रारम्भिक प्रस्तुतिकरण अर्चनासिंह आयुक्त उद्योग विभाग की अध्यक्षता में जयपुर स्थित उद्योग विभाग के सभा कक्ष में किया गया। बीछवाल ईको फ्रेंडली फाउण्डेशन के चैयरमैन कमल कल्ला ने बताया कि बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ाने तथा प्रदूषण रहित औद्योगिक क्षेत्र हो इसके लिए फाउण्डेशन इस दिशा में औद्योगिक इकाईयों के दूषित पानी के शोधन हेतु भारत सरकार की एमएसएमइ सीडीपी स्कीम के तहत औद्योगिक क्षेत्र में सीईटीपी लगाने हेतु चरणबद्ध योजना के तहत जयपुर में प्रारम्भिक तकनीकी व वित्तीय सम्बन्धी प्रारूप का प्रस्तुतिकरण व विभागीय अधिकारियों द्वारा पुछे गये प्रश्नों के जवाब प्रबन्धक विरेन्द्र किराडू ने दिए। बैठक में भारत सरकार, उद्योग विभाग, रिको लिमिटेड के उच्चाधिकारी मौजूद रहे। करणी औद्योगिक क्षेत्र में लगने वाले सीईटीपी के प्रारम्भिक तकनीकी व वित्तीय सम्बन्धी प्रारूप का प्रस्तुतिकरण एवं अधिकारियों द्वारा पुछे गये प्रश्नों के जवाब करणी बीकानेर वाटर एनवायरो फाउण्डेशन के संचालक महेश कोठारी ने दिया। महेश कोठारी ने बताया कि हमारा फाउण्डेशन करणी औद्योगिक क्षेत्र को प्रदूषण रहित करने व स्वच्छ पर्यावरण हेतु दृढ़ संकल्पित है। प्रबन्धक विरेन्द्र किराडू ने बताया कि दोनों औद्योगिक क्षेत्र के पदाधिकारी कमल कल्ला एवं महेश कोठारी ने रिको लिमिटेड के प्रबन्ध निदेशक को पत्र देकर दोनों औद्योगिक क्षेत्रों में सीण्ईप्टीण्पीण् संयत्र लगाने हेतु रिको को क्रियान्वयन एजेन्सी नियुक्त करने की मांग की।

आकांक्षा होगी स्वीप गतिविधियों की जिला स्तरीय ब्रांड अम्बेसडर

भीलवाड़ा। जिला निर्वाचन अधिकारी शिवप्रसाद एम नकाते ने आसन्न विधानसभा उप चुनाव में स्वीप गतिविधियों के प्रचार-प्रसार के लिए निशानेबाज आकांक्षा कानावत को जिला स्तरीय ब्रांड अम्बेसडर नियुक्त किया है। बनड़ा तहसील के लाम्बा गांव की निवासी 25 वर्षीय आकांक्षा ने राज्य स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव शीघ्र होना सम्भावित हैं। युवा वोटर्स को अधिकाधिक संख्या में मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आकांक्षा को ब्रांड अम्बेसडर बनाया गया है। मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

कैच द रेन अभियान के तहत नेहरू युवा केंद्र भीलवाड़ा की जागरूकता मुहीम

भीलवाड़ा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की स्वशासी संस्था नेहरू युवा केंद्र भीलवाड़ा से जिला युवा अधिकारी सुमित यादव के निर्देशन में जिले के पुर गांव में केच द रेन अभियान के तहत युवा संगोष्ठी का आयोजन-ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रवि कुमार ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र एवं शहीद भगत सिंह युवा मंडलपुर के संयुक्त तत्वाधान में जल जागरुकता अभियान के तहत पेंटिंग बनाकर लोगों को जागरुक किया जा रहा है। कार्यक्रम में जल संरक्षण की शपथ दिलवाई गई। साथ ही लोगों को बताया गया कि जल का संचय कैसे करें। साथ ही जल को व्यर्थ न बहाने वह बरसात के पानी को अधिक से अधिक संचय किस प्रकार करें के बारे में बताया। युवा अधिकारी सुमित यादव ने बताया कि कैच द रेन अभियान जिले के 50 गांव में कायक्रम आयोजित कर युवाओं को अधिक से अधिक जो?ा जाएगा व जागरूकता फैलाई जाएगी।

फिक्की ने किया 'ओडिशा टूरिज्म रोड शो-2021' का आयोजन

जयपुर। ओडिशा सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है कि राज्य देश में पर्यटन के मामले में शीर्ष 3 राज्यों में से एक बन जाए। एक राज्य के रूप में ओडिशा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, सड़क और महिला सशक्ति करण जैसे सभी क्षेत्रों में अच्छा कर रहा है। पुरी जगन्नाथ और लिंगराज के पुनरुद्धार के साथ पर्यटन सबसे आगे आ गया है। ओडिशा में पर्यटन की प्रचुर संभावना है, वहां अनेक पर्यटन स्थल मौजूद हैं। राजस्थान और ओडिशा दोनों पर्यटन की दृष्टि से ईश्वर प्रदत्त राज्य हैं। पर्यटन, ओडिया भाषा, साहित्य और संस्कृति मंत्रीए ओडिशा सरकार ज्योति प्रकाश पाणिग्रही ने यह जानकारी दी। वे होटल ललित में आयोजित

'ओडिशा टूरिज्म रोड शो-2021' में उद्घाटन भाषण दे रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन फिक्की द्वारा ओडिशा पर्यटन के सहयोग से किया गया था। रोड शो के दौरान 500 से अधिक बी-टू-बी नेटवर्क की बैठकें हुईं।

उन्होंने आगे बताया कि राज्य में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए संस्कृति और परंपराएं भी प्रमुख योगदान देती हैं। ओडिशा की संस्कृति 2 हजार साल से अधिक पुरानी है। राज्य अपने शास्त्रीय नृत्यों-ओडिसी और गोटीपुआ के लिए प्रसिद्ध है। ओडिशा केवल एक तीर्थस्थल नहीं है, यह एक प्रमुख समुद्र तट गंतव्य भी है। आठ ब्लू फ्लैग बीचों में से एक ओडिशा में है। यहाँ 5 और विकसित करने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए ओडिशा सरकार के पर्यटन, खेल और युवा सेवाओं के प्रमुख सचिव विशाल कुमार देव ने ओडिशा में विभिन्न प्रकार के पर्यटन के अवसरों जैसे कि आध्यात्मिक पर्यटन, वन्यजीव पर्यटन, इकोटूरिज्म, हस्तशिल्प पर्यटन,आदि के बारे में बताया। उन्होंने पोस्ट.कोविड पर्यटन की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला और कहा कि 2021 में राज्य में क्रूज पर्यटन, होमस्टे, हेरिटेज हॉस्पिटैलिटी के विकास के साथ-साथ इकोटूरिज्म सुविधाओं को अपग्रेड करने पर भी ध्यान दिया जाएगा।

ओडिशा सरकार के निदेशक-पर्यटन सचिन रामचंद्र जादव ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि राज्य में कोविड .19 को प्रभावी तरीके से निपटने के तरीके से ओडिशा में सुशासन की मिसाल दी जा सकती है। हमने व्यापक सेनिटाइजेशन और ट्रेनिंग प्रोग्राम्स आयोजित किए हैं। उल्लेखनीय है कि फिक्की का उद्देश्य ओडिशा राज्य के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करनाए रणनीतियां तैयार करके ट्रैवल एवं टूरिज्म क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिए सर्वोत्तम नीतियों को लागू करना है। सम्मेलन की थीम ओडिशा को एक लोकप्रिय वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देना है।

प्रमुख शासन सचिव ने किया 'डेजर्ट नेशनल पार्क' पुस्तक का विमोचन

जयपुर। वन एवं पर्यावरण विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रेया गुहा ने कहा कि डेजर्ट नेशनल पार्क में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। डेजर्ट यूनिक सिस्टम के बारे में लोगों को पहले जानकारी नहीं थी अब इस प्रणाली से आमजन को बहुत लाभ हुआ है। गुहा यहां राजस्थान वानिकी एवं वन जीव प्रशिक्षण संस्थान में लेखक डॉ. गोविंद सागर भारद्वाज एवं डॉ. अशद रहमानी द्वारा लिखित पुस्तक 'डेजर्ट नेशनल पार्क' के विमोचन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रही थी। गुहा ने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से लेखकों द्वारा राज्य में डेजर्ट नेशनल पार्क की संभावनाओं को तलाशा गया है। उन्होंने कहा कि आजकल रणथम्भौर, सरिस्का आदि नेशनल पार्कों के बारे में सभी जानते हैं परन्तु डेजर्ट नेशनल पार्क के बारे में आमजन को जानकारी कम हैं। इस पुस्तक के माध्यम से अनेक दुर्लभ एवं आकर्षक चित्रों को देखने का अवसर मिलेगा।

गुहा ने उपस्थित लोगों से कहा कि इको टयूरिज्म पॉलिसी पर अपने-अपने सुझाव दें क्योंकि दस सालों में पहली बार इस प्रणाली को राज्य सरकार नये तरीके से लाई है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में नेशनल डेजर्ट पार्क बहुत अच्छे से विकसित हो तथा हर पर्यटक तक इसकी सूचना पहुंचे। उन्होंने कहा कि राजस्थान वन विभाग द्वारा विगत दो वर्षों में वन्य जीवों के संरक्षण के लिए बहुत कार्य किए गए हैं।पुस्तक के लेखक राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव डॉण् गोविंद सागर भारद्वाज ने कहा कि नेशनल डेजर्ट पार्क पर लिखी गई यह पहली पुस्तक है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक न सिर्फथार की जैव विविधता को प्रदर्शित करती है, बल्कि रेगिस्तान में होने वाली विभिन्न पारिस्थितिकीय तथा मानवजनित प्रक्रियाओं को भी रेखांकित करती है। इस पुस्तक को लिखने के लिए उन्होंने पांच वर्षो तक की मेहनत की तथा वहां के जनजीवन एवं पर्यावरण को नजदीकी से देखा।

इस अवसर पर डॉ. अशद रहमानी ने भी पुस्तक के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पुस्तक आम जनता तथा नीति, निर्माताओं, ब्यूरोकेट्स, वन्यजीव प्रबंधक बिजनेस हाऊस कॉर्पोरेट सेक्टर एवं नागरिक संस्थाओं तक उपयोगी सिद्ध होगी।

कार्यक्रम में प्रधान मुख्य वन सरंक्षक ;श्रुति शर्मा ने कहा कि पुस्तक के माध्यम से ग्रेट इंण्डियन बस्टर्ड पक्षी तथा मरूस्थलीय पारिस्थितिकीय तंत्र को संरक्षित रखने की प्रेरणा जागृत होगी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक एमण्एलण् मीणा एवं एल.एच. धामानी ने विस्तार से पुस्तक पर प्रकाश डाला।

मुख्यमंत्री 5 एवं 6 फरवरी को करेंगे विभिन्न वर्गों से बजट पूर्व संवाद

जयपुर। राज्य बजट 2021-22 को अधिक समावेशी एवं आमजन की आकांक्षाओं के अनुरूप बनाने के क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 5 व 6 फरवरी को विभिन्न वर्गों से बजट पूर्व संवाद करेंगे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से होने वाली इन बैठकों में मुख्यमंत्री राज्य बजट के संबंध में सुझाव लेंगे।

गहलोत शुक्रवार दोपहर 12 बजे राज्य स्तरीय कर परामर्शदात्री समिति की बैठक में विभिन्न औद्योगिक एवं व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ तथा शाम 4 बजे युवा, महिला, प्रोफेशनल्स एवं प्रतिभाशाली छात्रों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में बजट पूर्व परामर्श करेंगे। इसी क्रम में मुख्यमंत्री शनिवार को दोपहर 12 बजे गैर सरकारी संगठनोंए सिविल सोसायटी तथा उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ तथा शाम 4 बजे किसानोंए पशुपालकों एवं डेयरी संगठनों के पदाधिकारियों एवं जनजाति क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट को लेकर संवाद करेंगे।

A.K. SPINTEX LIMITED

Regd. Office:-14 K.M. Stone, Chittor Road, Biliya-Kalan, Bhilwara-311001 (Raj.)
Ph: 9887049006, 9929139002 • Email: akspintex@gmail.com • Website: www.akspintex.com
CIN: L17117RJ1994PLC008916

NOTICE FOR BOARD MEETING

Pursuant to Regulation29 (1) (a) read with Regulation 47 (1) (a) of SEBI (Listing Regulation and Disclosure Obligations) Regulation, 2015) it is hereby given that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Saturday, 13th February, 2021 at 11:00 A.M. at the registered office of the company at14 K.M. Stone, Chittorgarh Road, BiliyanKalan, Bhilwara-311001 to, inter-alia, consider and approve the Un-Audited Financial Statements for the Quarter and Nine Month ended 31st December, 2021 along with other routine business.

Further, in terms of Internal Code of Conduct for Prevention of Insider Trading in dealing with Securities of the company, the Trading Window for transaction in securities of the company shall remain closed from 1st January 2021 to 15rd February, 2021 (both days inclusive) for insider for the purpose of announcement of aforesaid result.

Place: Bhilwara
Date: 4th February, 2021

For A.K. SPINTEX LIMITED
Ashish Kumar Bagrecha
Company Secretary & Compliance Officer

ढाबरिया पॉलीवुड लिमिटेड

(CIN : L29305RJ1992PLC007003)

पंजीकृत कार्यालय :- B-9 D (1), मालवीया औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर-302017
दूरभाष : 0141-4057171 फैक्सः 0141-2750814
ई-मेलआईडीः cs@polywood.org वेबसाइटः www.polywood.org

सूचना

सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुसरण में एतत् द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी के निदेशक मंडल की अगली बैठक शनिवार, 13 फरवरी 2021 को सायं 04:00 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय बी-9 (डी-1), मालवीय औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर-302017 में आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य विषयों के साथ-साथ 31 दिसम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही तथा नौमासिक के लिए कंपनी के एकल तथा समेकित अल-अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा अनुमोदन किया जाना है।

इसकी सूचना कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.polywood.org पर तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है, जहां, कंपनी के शेयरसूचीबद्ध है।

ढाबरिया पॉलीवुड लिमिटेड के लिए
कृते
स्पर्श जैन
कंपनी सचिव

स्थान-जयपुर
दिनांक-05-02-2021

अधिस्वीकृत पत्रकारों को कैशलैस मेडिक्लेम सुविधा के आवेदन 10 फरवरी तक

जयपुर। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग से अधिस्वीकृत पत्रकारों के लिए वर्ष 2021-22 के लिए कैशलैस मेडिक्लेम पॉलिसी हेतु आवेदन लिए जा रहे हैं। सूचना एवं जनसम्पर्क आयुक्तमहेन्द्र सोनी ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार अस्थाई रूप से अधिस्वीकृत पत्रकारों को भी इस वर्ष से कैशलैस मेडिक्लेम बीमा पॉलिसी सुविधा का लाभ दिया जाएगा। आवेदन पत्र फोरमेट डीआईपीआर की साइट पर दिए गए लिंक http://www.dipr.rajasthan.gov.in/content/dipr/en/cms.htm से डाउनलोड किया जा सकता है।

सोनी ने बताया कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग से अधिस्वीकृत पत्रकारों के लिए लागू की गई कैशलैस मेडिक्लेम पॉलिसी की अवधि 28 फरवरी 2021 को समाप्त होने जा रही है। ऐसे सभी स्थाई एवं अस्थाई रूप से अधिस्वीकृत पत्रकारों को निर्धारित फोरमेट में (उपरोक्त वेबलिंक पर उपलब्ध) कैशलैस मेडिक्लेम पॉलिसी के लिए अपना आवेदन मय वांछित दस्तावेजों को जिला जनसम्पर्क कार्यालय में 10 फरवरी तक जमा करवाना होगा। ऐसे पत्रकार जिन्हें पूर्व में भी कैशलैस बीमा पॉलिसी का लाभ मिल रहा थाए उन्हें भी यह फॉर्म भरना आवश्यक है।

राजकिवक, सक्षम एवं समर्थ योजनाओं का शुभारम्भ

जयपुर। प्रदेश के युवाओं के साथ सभी वर्गों को कौशल विकास से जोड़ने के लिए राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम ने तीन योजनाएं शुरू की है। कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता राज्य मंत्री अशोक चांदना ने इन तीन योजनाओं का शुभारंभ किया। चांदना सहित अन्य अधिकारियों ने नई योजनाओं के पोस्टर्स और लोगो का विमोचन किया। आरएसएलडीसी में आयोजित कार्यक्रम में कौशलए रोजगार एवं आजीविका उद्यमिता राज्य मंत्री अशोक चांदना ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना हमारा प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिलाकर स्वरोजगार की ओर अग्रसर करेंगे।

BSL Limited

PROUD TO BE INDIAN
PRIVILEGED TO BE GLOBAL

STATEMENT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31ST DECEMBER, 2020

(₹ in Lacs)

Sl No.	Particulars	Quarter Ended		Nine Months Ended		Year Ended
		31.12.2020	31.12.2019	31.12.2020	31.12.2019	31.03.2020
		Unaudited				Audited
1	Total Revenue from Operations	8880	9960	22978	31561	39004
2	Net Profit / (Loss) for the period (Before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	172	98	(204)	168	(87)
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	172	98	(204)	168	(87)
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	146	140	(183)	300	166
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	171	156	18	220	(170)
6	Equity Share Capital	1029	1029	1029	1029	1029
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Balance Sheet of previous year	-	-	-	-	6476
8	Earnings Per Share (of ₹ 10 /- each) not annualised.					
	Basic : (in ₹)	1.42	1.36	(1.78)	2.92	1.62
	Diluted : (in ₹)	1.42	1.36	(1.78)	2.92	1.62

Notes:

1. The above financial results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the company at their respective meeting held on 4th February, 2021. The Limited Review for the Results of quarter and nine month ended 31st December, 2020 as required under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation 2015, has been carried out by the Statutory Auditors.
2. The financial statements of the Company have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (Ind AS) notified under the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 as amended by the Companies (Indian Accounting Standards) Amendment Rules, 2016, prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013, and other recognized accounting practices and policies to the extent applicable.
3. The above is an extract of the detailed format of quarter and Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of quarter & nine month ended 31st December, 2020 Financial Results are available on the websites of Stock Exchange(s) at www.nseindia.com/ www.bseindia.com and the Company's website at www.bslltd.com.

By Order of the Board
for BSL LIMITED

ARUN CHURIWAL
CHAIRMAN & MANAGING DIRECTOR
DIN: 00001718

Place : Kolkata (W.B.)
Dated : 4th February, 2021

CIN: L24302RJ1970PLC002266
Registered Office: 26, Industrial Area, Gandhi Nagar, Bhilwara - 311001 (Rajasthan)
• **Tel.:** (+91-1482) 249101-102, 245000 • **Email:** accounts@bslsuitings.com • **Website:** www.bslltd.com

कल की रचना

कभी दामन में दुःख के कांटे भर जाये तो भूलकर भी प्रभू से शिकायत मत करना कभी अपनों से धोखा खा जाएं तो ये कहने का दुस्साहस मत करना कि अपनों ने धोखा दिया। पार्टनर ने विश्वासघात करा तो ऐसी सोच मत बनाना कि वो भी किये का फल चखे। क्योंकि हर लाईन में तुम्हें तुम्हारे कल की रचना नजर आनी चाहिए। कल अतीत अनागत दोनों से जुड़ा होता है। ध्वनि की प्रतिध्वनि आती है। तुम्हारे कल का निर्माण तुमने ही किया है। वो ही बिम्ब का प्रतिबिंब बनकर तुम्हारे सामने आ रहा है। दूसरो की ओट में अपना बचाव करने वाला हकीकत पर पर्दा डालता है और ये नादानी उसने अनागत कल की रचना इस कदर करेगी कि चाह करके भी वो खुश नहीं रह पायेगा। हां इस शाश्वत सच को जानना कि जो प्रभू के संबोधन से सम्मानित है। अर्चित पूजित है वो किसी के दामन में दुख के कांटे क्यों भरेगा। वो तो अपनी कर कृति को सुखी देखना चाहते हैं। हमें धोखा भी कहीं बाहर से नहीं मिलता। हमारी ही चेतना अंधेरे में रहती है तब स्वाभाविक है अंधेरे में तो धोखा कोई भी खा सकता है। कदम उजाले की ओर बढ़ेंगे तो कभी धोखा नहीं खाएंगे। आत्मा अपनी खूबियों का खुलकर स्वागत करे। एक दिन कल की रचना इतनी दिव्य हो उठेगी कि फिर किसी कल की रचना होगी ही नहीं।

चिंतनशीला वसुमति जी मा.सा।

डिजिटल हेल्थ विज्ञान का महत्वपूर्ण योगदान : राज्यपाल

जयपुर। इलेक्ट्रॉनिक तकनीक का स्वास्थ्य सेवाओं में उपयोग (डिजिटल हेल्थ) विज्ञान का महत्वपूर्ण योगदान है! डिजिटल हेल्थ स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता वृद्धि एवं लागत में कमी हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है। उक्त उदगार राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने आईआईएचएमआर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 25 वीं वार्षिक वैश्विक संगोष्ठी 'प्रदन्या 2021' के उद्घाटन सम्बोधन में व्यक्त किये।

डिजिटल हेल्थ के उपयोग एवं प्रभाव की चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि डिजिटल हेल्थ के अनुप्रयोग से संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित समग्र विकास के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। इसी के दृष्टिगत माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो ने राष्ट्रीय डिजिटल हेल्थ मिशन के माध्यम से डिजिटल हेल्थ को विकसित एवं प्रभावी बनाने हेतु एक नित्कारी पहल की है। स्वास्थ्य सेवा एवं संपूर्ण स्वास्थ्य प्रबंधन विषय के महत्व पर चर्चा करते हुए माननीय राज्यपाल ने जोर दिया की बिना स्वस्थ शारीरिक एवं मानसिक विकास को सुनिश्चित किये किसी भी प्रकार के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती।

'डवलप किए जाएं छोटे इंडस्ट्रीयल एरिया'

बीकानेर/नि.सं.। जिला कलक्टर ने रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देश दिए कि जिले के नोखा, नापासर, लूणकरणसर एवं दंतोर क्षेत्र में छोटे औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की दिशा में भी कार्य किया जाए। इन सभी स्थानों पर औद्योगिक एरिया विकसित करने के लिए 30 दिन में संपूर्ण प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत किए जाएं। साथ ही विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ शुक्रवार को राज कौशल के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया जाए तथा चर्चा कर यह निर्णय लिया जाए कि इन औद्योगिक क्षेत्रों में किस तरह के कोर्स यहां प्रारंभ हो, जिससे बीकानेर के उद्यमी युवाओं को अपनी औद्योगिक इकाइयों में रोजगार दे सकें। कलक्टर मेहता ने रीको प्रबंधक को निर्देश दिए कि औद्योगिक इकाइयों का कचरा निस्तारण के लिए स्थान चिन्हित कर, डंपिंग यार्ड उपलब्ध करवाया जाए। स्थान चयन करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि इसके आसपास जो लोग रहते हैं उन्हें किसी तरह की परेशानी ना हो।

मेहता ने कहा कि क्षेत्रीय प्रबंधक रीको इस बारे में खनिज अभियंता से भी व्यक्तिगत रूप से संपर्क स्थापित करें। साथ ही औद्योगिक इकाइयों के आसपास अगर कोई पुरानी बंद खान हो तो उसे भी डंपिंग यार्ड के रूप में क्रियाशील करवाने की कार्यवाही अमल में लाए। मेहता जिला उद्योग केंद्र की ओर से विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र के तहत गठित जिला स्तरीय समिति तथा राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय संवीक्षा समिति की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि डंपिंग यार्ड बनाने हेतु गंगानगर रोड पर कोई राजकीय भूमि चिन्हित करने की संभावना तलाशी जाए। साथ ही जिले के तीनों औद्योगिक क्षेत्रों के आसपास अगर कोई बंद खान हो तो वहां भी डंपिंग यार्ड के रूप में कार्य प्रारंभ किया जा सकता है। उन्होंने नगर विकास न्यास के अधीक्षण अभियन्ता संजय माथुर को निर्देश दिए की रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र घड़सीसर के पास सड़क का पेचवर्क होना है, यह कार्य फरवरी माह के अंत तक पूरा कर लिया जाए ताकि यहां यातायात सुगम हो सके। उन्होंने न्यास अभियंता को निर्देश दिए कि पानी की लाइन टूटने एवं सड़क पर घरों से पानी आने से क्षतिग्रस्त हुई सड़क को ठीक करवाए। आसपास के लोगों को समझाइश करे कि पानी सड़क पर ना आए, इसके लिए नाली का ही इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष डीपी पच्चीसिया द्वारा रोड के पैच वर्क का कार्य करवाने पर कहा कि शीघ्र ही पेचवर्क का कार्य पूरा होना चाहिए। न्यास द्वारा बनाई हुई नालियों में अगर कहीं मरम्मत की जरूरत हो तो वह भी ठीक करवाई जाए। जिला कलक्टर मेहता ने रीको और उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि करणी और बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र में वेस्ट वाटर के उपयोग के लिए एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय के साथ एमओयू कर्की । साथ ही क्षेत्र में जितनी भी औद्योगिक इकाइयां हैं वे सभी इकाइयां इस योजना से जुड़े इसके लिए दोनों विभाग आपस में समन्वय कर सूची बना ले। बैठक में राजस्थान वूलन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल कल्ला ने बताया कि इस कार्य के लिए एमडी रीको से बातचीत हो गई है और इस कार्य की डीपीआर तैयार कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बाबत 2 दिन पूर्व ही एमडी रीको से एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जयपुर में बातचीत की थी, जिसमें उन्होंने इस कार्य पर सैद्धांतिक रूप से अपनी स्वीकृति भी प्रदान की है। जिला कलक्टर ने बताया कि खारा औद्योगिक क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की संपूर्ण सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही रानी बाजार और करणी इंडस्ट्रियल एरिया सहित तीनों औद्योगिक क्षेत्रों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

स्थानीय इकाइयों को फ्लाईऐश मिलेगा प्राथमिकता से : बैठक में बताया गया कि पावर प्लांट पर फ्लाईऐश उत्पन्न होती है, यह वर्तमान में अधिक मात्रा में बाहर के औद्योगिक इकाइयों के प्रबंधकों को दी जा रही है, इस पर जिला कलक्टर ने महाप्रबंधक उद्योग मंजू नैण गोदारा को निर्देश दिए कि पावर प्लांट से निकलने वाले फ्लाईऐश का वितरण इस तरह से करे कि जिसके तहत स्थानीय स्तर पर जो जिन उद्योग इकाइयों को जरूरत हो उन्हें अधिक मात्रा में उपलब्ध हो और बाहर के औद्योगिक इकाइयों को उसके बाद मिले, इसका संपूर्ण नोट बनाकर अगले 15 दिन में प्रस्तुत किया जाए।

औद्योगिक उत्पादन एवं निर्यात को बढ़ोतरी मिलेगी : परवाल

भीलवाडा /नि.सं.। कालानी एण्ड कम्पनी जयपुर के पी सी परवाल ने कहा कि इस बार केन्द्रीय बजट आधारभूत संरचनाओं के विकास पर केन्द्रीत करते हुए आया है। जिससे परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। इससे आधारभूत सुविधाओं के विकास होने से औद्योगिक उत्पादन एवं निर्यात को बढोतरी मिलेगी।

इस बारे में मेवाड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री भीलवाड़ा एवं टेक्सबार एसोसियेशन की ओर से वर्ष 2021-22 के केन्द्रीय बजट पर आयोजित वेबीनार में केन्द्रीय बजट पर व्यापक चर्चा करते हुए कहाकि काफी समय बाद स्टॉक मार्केट ने भी इस बजट को सकारात्मक रुप से स्वीकार किया है। कोविड के कारण कुछ विपरित असर से रेवेन्यु प्राप्ति में कमी आने से आगामी वर्ष का रेवेन्यु डेफिसिट 1140576 करोड का होगा, जो कि देश की जीडीपी का 5.76% होगा। परवाल ने कहा कि वित्तमंत्री ने जीएसटी में इन्वर्टेड ड्यूटी की विसंगतियां दूर करने के साथ जीएसटी प्रणाली में भी कई बदलाव किये है, जिससे उद्यमियों एवं व्यापारियों को कार्य करने में आसानी होगी। प्रत्यक्ष कर या आयकर में कोई परिवर्तन नही किया है। महत्वपूर्ण परिवर्तन टीडीएस व टीसीएस के प्रावधानों में किया गया है, जिसमें पहले टीसीएस काटने की जिम्मेदारी विक्रेता की थी, उसे अब क्रेता की जिम्मेदारी कर दिया है। पेन नंबर नही होने की स्थिति में टीसीएस की दर 5% कर दी गई है। ऐसे व्यापारी जिनके पेन नम्बर तो है लेकिन 2 वर्षो से आयकर रिटर्न दाखिल नही कर रहे है, उनके लिए टीडीएस एवं टीसीएस की दर विभिन्न प्रावधानों में प्रदर्शित दर से दुगुनी कर दी गई है। रियल इस्टेट एवं अफोर्डेबल हाउसिंग को बढावा देने के लिए विभिन्न प्रावधानों को एक वर्ष के लिए आगे बढाया गया है। उन्होने विभिन्न प्रावधानों की विस्तार से चर्चा की। साथ ही जीएसटी में परिवर्तन के प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी। वेबीनार के प्रारम्भ में मेवाड चेम्बर के अध्यक्ष जी सी जैन ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि वस्त्रनगरी के सभी औद्योगिक संगठनों को मिलकर इस बात का प्रयास करना चाहिए कि बजट में घोषित 7 मेगा टेक्सटाइल पार्क में से 2 पार्क भीलवाडा को आंवटित हो, ताकि भीलवाडा के टेक्सटाइल उद्योग का टर्नओवर 20 हजार करोड प्रतिवर्ष से बढकर 40 से 50 हजार करोड प्रतिवर्ष का हो सके।

नफा नुकसान
राजस्थान के निम्न केन्द्रों पर उपलब्ध है

अलवर	:	9414261485
अजमेर	:	9929733155
भरतपुर	:	9667365632
ब्यावर	:	9414009949
बिजयनगर	:	9461780797
भीलवाडा	:	9414111700
बीकानेर	:	9829218705
चिड़ावा	:	9783923599
चित्तौड़गढ़	:	9414735097
देवली	:	9460591722
हनुमानगढ़ टाउन	:	9269094124
जयपुर	:	9460323908
जोधपुर	:	8107589141
जहाजपुर	:	9636994402
जैतारण	:	9829390619
झुंझुनूं	:	9887098514
कोटा	:	9414178840
कांकरोली	:	9414933390
किशनगढ़	:	8209445053
केकडी	:	9214000265
कोटपूतली	:	9352885258
लोसल	:	8876715835
नसीराबाद	:	7568692157
नागौर	:	9782375929
नवलगढ़	:	9983315255
पिलानी	:	7737218404
पाली	:	7742427942
सीकर	:	9166042391
श्रीगंगानगर	:	9414094108
सुमेरपुर	:	9928608845
टोंक	:	9414201309
उदयपुर	:	9829731366

भरतपुर के कुछ क्षेत्र को एनसीआर से मुक्त कराकर स्थापित कराये जायेंगे उद्योग : डॉ. गर्ग

भरतपुर/नि.सं.। तकनीकी एवं संस्कृत शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा है कि भरतपुर राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र एवं ताजमहल ट्रिपीजोनियम (टीटीजेड) में होने के कारण जिले का औद्योगिक विकास नहीं हो रहा है। ऐसी स्थिति में राज्य सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी बोर्ड को पत्र लिखकर जिले के कुछ भाग को मुक्त करने का आग्रह किया है ताकि मुक्त किये गये क्षेत्रों में नये उद्योग धंधे शुरु हो सकें। एमबी इन्ड्रस्टीज के शुभारंभ के बाद आयोजित समारोह में उन्होंने बताया कि जिले के वैर एवं नगर क्षेत्र में काफी मात्रा में सरकारी भूमि मौजूद है। यदि राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र बोर्ड इस क्षेत्र को एनसीआर से मुक्त कर देता है तो इनमें नये औद्योगिक इकाईयां स्थापित हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि हमें उद्योगों के लिए भी सकारात्मक वातावरण बनाना होगा, जिससे उद्योगों के संचालन में कोई समस्या नहीं हो।

औद्योगिक क्षेत्र में कई प्लाट खाली पड़े हैं जिनमें अभी तक कोई इकाई शुरु नहीं हुई है इन प्लाट धारकों को नोटिस देने के लिए जिला कलक्टर को निर्देश दिये जा चुके हैं। इसके बाद भी औद्योगिक इकाई स्थापित नहीं की तो आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने एमबी इन्ड्रस्टीज के सफल संचालन की कामना करते हुये कहा कि तेल मिल इकाइयों की समस्याओं को मिलकर दूर किया जायेगा। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के मण्डल प्रमुख परमेश जिन्दल एवं सहायक महाप्रबंधक प्रवीण श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य समन्वयक डॉ. बनय सिंह, अनिल अग्रवाल, दामोदर लाल गर्ग, कृष्ण कुमार अग्रवाल, नीरज बंसल आदि उपस्थित थे। प्रारंभ में महेश बंसल ने अतिथियों का स्वागत किया।

आवास फाइनेंर्सस लि0 का भरतपुर में शुभारम्भ : होम लोन एवं मोरगेज लोन देने के लिये आवास फाइनेंर्सस लि. का स्थानीय बजाज कम्पनी के ऊपर नुमायश रोड पर शुभारम्भ हुआ। इस ब्रांच का उद्घाटन अवनीश दिक्षित आवास फाइनेंर्सस लि. के स्टेट हैड व भरतपुर ब्रांच के ब्रांच हैड नत्थन सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक अनुराग गर्ग, संजीव गुप्ता, दामोदर लाल गर्ग, वीरीसिंह, राजेन्द्र गोयल, सुधीर गुप्ता, प्रवीण जैन, सी.ए. भारत भूषण, राजेन्द्र गर्ग, सी.ए. अतुल मित्तल आदि उपस्थित थे।

For Your Information...

Market Cap Of All Listed Companies in Indian #StockMarket In Rs.

15 Jan 2015: 100 lakh cr
16 Mar 2017: 120 lakh cr
25 Oct 2017: 141 lakh cr
05 Nov 2020: 162 lakh cr
07 Dec 2020: 181 lakh cr
04 Feb 2021: 200 lakh cr

Source: BSE

Compiled by Nafanuksan Research

विचार सागर

''झूठ कागज की उस नाव की तरह होता है जो अधिक दूर तक नहीं जा पाती।''
- पी.सी. वर्मा

''अपनी प्रशंसा सुनना हर व्यक्ति की सबसे बड़ी कमजोरी रही है और इसी कमजोरी के कारण चापलूसी जन्मी है।''
- के.आर. कमलेश

Thoughts of the time

Friendship is almost always the union of a part of one mind with a part of another; people are friends in sports.
- George Santayana

राजस्थानी कहावत

खसम री कांण नै रामजी री आंण
खसम का मान और रामजी की कसम

- औरत के लिए पति की मर्यादा व रामजी की कसम दोनों महत्वपूर्ण होती है।
- जो सभी मर्यादाओं का समान रूप से पालन करता हो।

-स्व. विजय दान देथा
साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा

बाजार

बीएसई सेन्सेक्स	50614	358
एनएसई निफ्टी	14895	105
इंडिया विक्स	23.12	-0.63
एमसीएक्स कॉमडेक्स	10548	-27
एनसीडीईएक्स एग्रीडेक्स	1172	11
डॉलर (रुपये में)	72.95	-0.01
यूरो (रुपये में)	87.49	-0.07
कच्चा तेल (डालर/बैरल)	56.16	0.56
लंदन ब्रेंट क्रूड (डालर/बैरल)	57.90	0.70
एल्यूमिनियम (डॉलर/टन)	1958	-
तांबा (डॉलर/टन)	7755	-
निकल (डॉलर/टन)	17756	-
टिन (डॉलर/टन)	25000	-
जिंक (डॉलर/टन)	2539	-
सोना (डॉलर /औंस)	1836	-8
सोना (MCX, रु. प्रति 10 ग्राम)	47340	-410
चांदी (MCX, रु. प्रति किलो)	67625	-940

यह भाव शाम 6.00 बजे तक के हैं।

शुक्रवार के चौघड़िए

सम्वत् 2077 माघ बुदी अष्टमी
राहुकाल : प्रातः 10:30 से 12:00 बजे तक
सूर्योदयः 7.14 बजे और सूर्यास्त : 6.07 बजे

प्रातः 7.14 से 8.36	चर
8.36 से 9.58	लाभ
9.58 से 11.20	अमृत
11.20 से 12.41	काल
12.41 से 2.02	शुभ
2.02 से 3.24	रोग
3.24 से 4.45	उद्वेग
4.45 से सूर्यास्त 6.07	चर
रात्रि 6.07 से 7.46	रोग
7.46 से 9.24	काल
9.24 से 11.02	लाभ

---------- नेशनल/इंटरनेशनल ----------

फैक्टरिंग विनियमन संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट पेश की

नयी दिल्ली/एजेंसी। संसद की एक समिति ने कहा है कि फैक्टरिंग गतिविधियों की प्रभावी तरीके से निगरानी सुनिश्चित करने को रिजर्व बैंक को पर्याप्त नियामकीय व्यवस्था करनी चाहिए। संसद की वित्त पर स्थायी समिति ने यह सुझाव दिया है। समिति ने फैक्टरिंग विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2020 की समीक्षा करते हुए यह सुझाव दिया है। फैक्टरिंग इकाइयां बिलों/ बकाया रिणों कों डिस्काउंट या कम मूल्य पर खरीदने का काम करती हैं। पूर्व वित्त राज्यमंत्री जयंत सिन्हा की अगुवाई वाली समिति ने अपनी रिपोर्ट को बुधवार को संसद के दोनों सदनों में पेश किया।

समिति ने कहा है कि मौजूदा समय में एनबीएफसी-फैक्टर इकाइयों की संख्या सात से बढ़कर हजारों में हो गई है। ऐसे में रिजर्व बैंक के ऊपर बड़ी नियामकीय जिम्मेदारी आ गई है। समिति ने जोर दिया है कि रिजर्व बैंक को फैक्टरिंग गतिविधियों की प्रभावी निगरानी के लिए पर्याप्त नियामकीय कर्मचारी/संसाधन लगाने की जरूरत है, जिससे प्रस्तावित संशोधन के जरिये फैक्टरिंग उद्योग से जुड़े लंबित मुद्दों को हल करने के उद्देश्य और मंशा को हासिल किया जा सके। फैक्टरिंग विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2020 को लोकसभा में 24 सितंबर, 2020 को पेश किया था।

समिति निर्णय करेगी कि प्रत्येक रणनीतिक क्षेत्र में कितने लोक उपक्रम रहेंगे

नयी दिल्ली/एजेंसी। निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहीन कांत पांडे ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी समेत मंत्रियों की समिति इस बात का अंतिम निर्णय करेगी कि प्रत्येक रणनीतिक क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र की कितनी कंपनियों को रखा जाए। सरकार ने बजट में विनिवेश/रणनीतिक विनिवेश नीति का प्रस्ताव किया। और चार क्षेत्रों...परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष और रक्षा; परिवहन और दूरसंचार; बिजली पेट्रोलियम, कोयला और अन्य खनिज; तथा बैंक...को रणनीतिक क्षेत्रों में रखा है। इन क्षेत्रों में न्यूनतम संख्या में केंद्रीय लोक उपक्रमों को रखा जाएगा। अन्य क्षेत्रों के केंद्रीय लोक उपक्रमों (सीएसई) का निजीकरण किया जाएगा।

नीति आयोग उन केंद्रीय लोक उपक्रमों की प्रारंभिक सूची तैयार करेगा जिसे रणनीतिक बिक्री के लिये आगे बढ़ाया जा सके। सार्वजिक उपक्रमों में सरकार की हिस्सेदारी का प्रबंधन करने वाला विभाग दीपम के सचिव ने कहा कि रणनीतिक निवेश नीति एक महत्वपूर्ण बदलाव है। इससे निजी कंपनियों को मोटे तौर पर यह पता होगा कि कौन सी कंपनियां बिक्री के लिये हैं। उन्होंने कहा, ''कम-से-कम संख्या में कंपनियों को रखने का विचार है। मंत्री समूह (जीओएम) बनाया गया है जो एक वैकल्पिक व्यवस्था है। इसमें वित्त मंत्री, सड़क परिवहन मंत्री और संबंधित इकाइयों के प्रशासनिक मंत्रालयों के मंत्री इसमें शामिल हैं। समूह इस बात का निर्णय करेगा कि किसी खास क्षेत्र के लिये न्यूनतम संख्या क्या होगी जिसे कायम रखे जाने की जरूरत है।'' पांडे ने कहा, ''रणनीतिक क्षेत्रों को चार श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है...राष्ट्रीय सुरक्षा, महत्वपूर्ण ढांचागत सुविधाएं, ऊर्जा और खनिज तथा वित्तीय सेवाएं।'' यथासंभव कम संख्या रखने का मतलब है कि शेष का निजीकरण किया जा सकता है, या उसे बंद अथवा विलय या फिर अन्य केंद्रीय लोक उपक्रमों की अनुषंगी इकाई बनाया जा सकता है। पांडे ने कहा, ''अत: सार्वजनिक क्षेत्र का बड़े पैमाने पर पुनर्गठन किया जा रहा है। इस नीति पर अगले कुछ साल तक काम होगा। इससे सरकार दूसरे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान दे सकेगी। इससे निजी क्षेत्र के लिये संकेत मिलेगा कि सरकार के दिमाग में क्या है। पूंजी निर्माण के लिये यह जरूरी है कि निजी क्षेत्र की रूचि जगे।'' सरकार ने अगले वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और वित्तीय संस्थानों में हिस्सेदारी बेचकर 1.75 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। इसमें सार्वजनिक क्षेत्र के दो बैंक और एक साधारण बीमा कंपनी शामिल हैं। चालू वित्त वर्ष के लिये विनिवेश लक्ष्य संशोधित कर 32,000 करोड़ रुपये किया गया है। जबकि बजट में 2.10 लाख करोड़ रु. जुटाने का लक्ष्य रखा गया था।

किसान आंदोलन...

किसान आंदोलन में लोगों द्वारा मेडिकल कैम्प, लंगर, मुफ्त सामान आदि दिया जा रहा है। इसी क्रम में अब वहां चार छोटी लाइब्रेरी बनाई गई है जहां कई भाषाओं में किताबें उपलब्ध है। **फोटो** : IANS

रोपवे को राजमार्ग मंत्रालय के दायरे में लाया गया

नयी दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय मंत्री नितिन गकडारी ने गुरुवार को कहा कि रोपवे, केबल कार और फ्यूनिकुलर रेलवे (रस्सी या तार से चलने वाली रेलगाड़ी) अभिनव गतिशीलता समाधानों को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के दायरे में लाया गया है। सड़क परिवहन, राजमार्ग और एमएसएमई मंत्री गडकरी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि इस कदम से देश के दूरदराज, दुर्गम और पहाड़ी इलाकों में बुनियादी ढांचे के निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। उन्होंने कहा, ''रोपवे, केबल कार, फ्यूनिकुलर रेलवे, बिजली से चलने वाली सार्वजनिक परिवहन प्रणाणी आदि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अधीन आ गए हैं। इससे दुर्गम इलाकों में बुनियादी ढांचे के निर्माण की रफ्तार तेज होगी'' उन्होंने कहा कि इससे दूरदराज के स्थानों से संपर्क स्थापित होने के साथ ही सड़कों पर भीड़ भी कम होगी। इस फैसले के बाद देश में गुणवत्ता और सुरक्षा पर जोर देते हुए विश्वस्तरीय रोपवे बनाए जाएंगे।